तापमान

अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 8 .2 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 नवंबर 2025

12 प्रवीण तायल फिर से बने हांसी व्यापार मंडल के ...



12 चौथे दिन हुए रोमांचक मुकाबले, लुवास की...




## खबर संक्षेप

### गंगवा में 25 लाख से लगाए जाएंगे कैमरे

**हिसार।** सुरक्षा व्यवस्था एवं व्यापक जनहित के मद्देनजर हिसार के गंगवा क्षेत्र में 25 लाख रुपए की राशि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने यह कार्य शीघ्रातिशीघ्र करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गांव गंगवा सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए सीएसआर निधि से 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा की स्थापना के उपरांत क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और असामाजिक गतिविधियों को रोकने की दिशा में मदद मिलेगी।

### जीवन बीमा निगम कार्यालय का शुभारंभ

**बरवाला।** विश्वकर्मा चौक पर स्थित नवीनीकरण किए गए भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय बरवाला का शुभारंभ किया गया। एसओ बरवाला ब्रांच मैनेजर जितेंद्र गिल ने बताया कि इस कार्यालय का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल प्रबंधक एचके दीपक ने किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल प्रबंधक एचके दीपक ने कार्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर ब्रांच मैनेजर जितेंद्र गिल, ब्रांच मैनेजर हांसी आजाद सिंह, अनुराग, गुलशन कुमार, डीओ सुरेश जांगड़ा, कुलदीप सिंह, मुकेश गुप्ता, कपिल माथुर, प्रदीप, जिले सिंह, बलवान गोस्वामी, रामदेव, पवन शर्मा, सहदेव कुमार, अशोक व राजेश गुराना मौजूद रहे।

### 14 को मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा

**आदमपुर।** आसपास के भक्तों के लिए शुक्रवार 14 नवंबर से चार दिवसीय मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व नरेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु मथुरा व वृंदावन के मंदिरों के अलावा गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन में शनि मंदिर के दर्शन करेंगे। इसके अलावा 22 नवंबर को 93वीं खाटू श्याम-सालासर बस यात्रा रवाना होगी। सीट बुकिंग के लिए आदमपुर क्लाथ मार्केट में श्रीश्याम लाइब्रेरी पर संपर्क कर सकते है।

### पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उकलाना मंडी।** पुलिस द्वारा नशा मुक्त समाज की दिशा में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को आदर्श गांव चमारखेड़ा में नशा विरोधी जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशन एवं उकलाना थाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर गांव के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने भाग लेकर नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया।

## गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में महोत्सव का समापन

# दयानंद कॉलेज बना 3वें विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव प्रबोधिनी का चैम्पियन

### यूटीडी गुजविप्रौवि को संगीत और लिटरेरी विधाओं की ट्रॉफी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 13वां विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव 'प्रबोधिनी' रविवार को सम्पन्न हो गया। शहर के दयानंद महाविद्यालय ने युवा महोत्सव की ओवरऑल व रनिंग ट्रॉफी जीती जबकि यूटीडी गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की टीम रनर्स-अप बनी। थिएटर, फाइन आर्ट व नृत्य विधाओं की ट्रॉफी दयानंद महाविद्यालय को मिली। संगीत व लिटरेरी विधाओं की ट्रॉफी यूटीडी गुजविप्रौवि को मिली। सीआरएस सभागार के मुख्य हॉल में हुए पुरस्कार वितरण समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई मुख्यातिथि रहे जबकि कुलसचिव डा. विजय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एमके शर्मा तथा निदेशक कल्चरल अफेयर्स डा. तरूणा इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### ये रहे महोत्सव के परिणाम







स्किट हिंदी विधा में दयानंद महाविद्यालय हिसार के विद्यार्थी के पिता (पापा) के किरदार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता तथा यूटीडी गुजविप्रौवि की छात्रा के बर्फी जावेद के किरदार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया। स्किट हरियाणवी विधा में सीआरएम जाट महाविद्यालय हिसार के विद्यार्थी के सांगी के किरदार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता तथा दयानंद महाविद्यालय हिसार की छात्रा के बुडिया के किरदार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया। वन एक्ट प्ले (संस्कृत) विधा में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार के विद्यार्थी के कर्ण के किरदार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता तथा यूटीडी गुजविप्रौवि हिसार की छात्रा के सूत्रधार किरदार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया। वन एक्ट प्ले (हिंदी) विधा में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार के विद्यार्थी के भगत सिंह (स्टेच्यू) किरदार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता तथा दयानंद महाविद्यालय हिसार की छात्रा के जुलिएट (मेन) के किरदार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया। संगीत श्रेणी में क्लासिकल वोकल सोलो (हिंदुस्तानी/कर्नाटक) में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (प्रकसन) में दयानंद महाविद्यालय ने प्रथम व जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (नॉन-प्रकसन) में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार प्रथम व एफसी महिला महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे।

### सांस्कृतिक कार्य, युवा शक्ति, ऊर्जा, अनुशासन और भारतीय संस्कारों का संगम रहा प्रबोधिनीः प्रो. नरसी

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव 'प्रबोधिनी' सांस्कृतिक कार्य, युवा शक्ति, ऊर्जा, अनुशासन व भारतीय संस्कारों का संगम रहा। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में भाग लेना आवश्यक होता है। इस प्रकार के मंच पर मिलने वाले अवसरों से सर्वांगीण विकास होता है। कुलसचिव डा. विजय कुमार ने कहा कि इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक उत्साह अस्मरणीय रहा। युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने अपने कला कौशल, उत्साह और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों का यही उत्साह, अनुशासन और आत्मविश्वास 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाएगा।

### डीन ने महोत्सव की रिपोर्ट दी

डीन स्टूडेंटस वेल्फेयर प्रो. एमके शर्मा ने अपने स्वागत संबोधन में तीन दिन तक चले इस उत्सव की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। धन्यवाद सम्बोधन सांस्कृतिक मामलों की निदेशिका डा. तरूणा ने किया। संचालन डा. गीतू धवन ने किया।

### पोस्टर मेकिंग में दयानंद महाविद्यालय हिसार ने पहला

फाइन आर्ट श्रेणी में ऑन द स्पॉट पेंटिंग में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार प्रथम व राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में दयानंद महाविद्यालय हिसार ने पहला व जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोलाज में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार ने प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। कार्टूनिंग में दयानंद महाविद्यालय हिसार ने प्रथम व एसडी महिला महाविद्यालय हांसी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन आर्य नगर द्वितीय स्थान पर रहे। स्पॉट फोटोग्राफी में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व एफसी महिला महाविद्यालय हिसार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इंस्टालेशन में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे तथा मेहंदी में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व गुरु द्रोणाचार्य महिला महाविद्यालय, मंडी आदमपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोइट्री रिसाइटेशन (इंगलिश) में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। पोइट्री रिसाइटेशन (पंजाबी) में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। पोइट्री रिसाइटेशन (हरियाणवी) में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार ने प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पोइट्री रिसाइटेशन (उर्दू) में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि द्वितीय स्थान पर रहे।




दयानंद महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य व शिक्षकों को रनिंग व ओवरऑल ट्रॉफी प्रदान करते मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### लाइट इंडियन वोकल सोलो में गुजविप्रौवि प्रथम

लाइट इंडियन वोकल सोलो में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। वेस्ट्रन वोकल सोलो में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुप सॉग (जनरल-इंडियन) में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुप सॉग (हरियाणवी) में राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुप सॉग (वैस्ट्रन) में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। हरियाणवी ओरकैस्ट्रा में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि द्वितीय स्थान पर रहे। इंडियन क्लासिकल ओरकैस्ट्रा में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार प्रथम व एफसी महिला महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। वैस्ट्रन इंस्ट्रूमेंटल सोलो में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि द्वितीय स्थान पर रहे। फॉक इंस्ट्रूमेंटल (हरियाणवी) सोलो में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। फॉक सॉग सोलो में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व एसडी महिला महाविद्यालय हांसी द्वितीय स्थान पर रहे। फॉक सॉग (जनरल) सोलो में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे तथा कव्वाली में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे।

### कोरियोग्राफी में सीआरएम जाट महाविद्यालय हिसार प्रथम

नृत्य श्रेणी में क्लासिकल डांस (सोलो) में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुप डांस (जनरल) में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुप डांस (हरियाणवी) में एसडी महिला महाविद्यालय हांसी प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। सोलो डांस (हरियाणवी)-मेल में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि द्वितीय स्थान पर रहे तथा सोलो डांस (हरियाणवी)-फीमेल में एसडी महिला महाविद्यालय हांसी प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि द्वितीय स्थान पर रहे। कोरियोग्राफी में सीआरएम जाट महाविद्यालय हिसार प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। थिएटर श्रेणी में वन एक्ट प्ले (हिंदी) में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। वन एक्ट प्ले (संस्कृत) में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि द्वितीय स्थान पर रहे। स्किट (हिंदी) में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व सीआरएम जाट महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। स्किट (हरियाणवी) में राजकीय महिला महाविद्यालय डाटा प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। माइम में ओडीएम महाविद्यालय मुकलान प्रथम व दयानंद महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। मिमिक्री में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व राजकीय महाविद्यालय बरवाला द्वितीय स्थान पर रहे। स्वांग में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व एसडी महिला महाविद्यालय हांसी द्वितीय स्थान पर रहे। रिचुअल में दयानंद महाविद्यालय हिसार प्रथम व एफसी महिला महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। लिटरेरी श्रेणी में डिबेट में जीजीजे राजकीय महाविद्यालय हिसार प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि द्वितीय स्थान पर रहे। इलोक्यूशन में महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय भिवानी रोहिला प्रथम व यूटीडी गुजविप्रौवि द्वितीय स्थान पर रहे। क्विज में यूटीडी गुजविप्रौवि प्रथम व एफसी महिला महाविद्यालय हिसार द्वितीय स्थान पर रहे। पोइट्री रिसाइटेशन (हिंदी) में दयानंद महाविद्यालय हिसार ने पहला व यूटीडी गुजविप्रौवि ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# नारनौंद उपमंडल परिसर में 50 वर्ष पुराने कब्जे हटाकर पेश किया नया उदाहरण, प्रशासन ने बढ़ाए मदद के हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

नारनौंद उपमंडल परिसर में जींद हांसी सड़क मार्ग पर लोगों ने करीब 50 साल से कब्जे करके दुकान और आवास का निर्माण किया हुआ था। रविवार को कब्जा किए हुए लोगों ने स्वेच्छा से निर्माण गिराकर एक नया उदाहरण पेश किया। कुछ ने विरोध किया था लेकिन लोगों ने समझा कर गिरवा दिया। बिना प्रशासन की मौजूदगी के अवैध निर्माण गिरवाने की कार्रवाई पूरा दिन चर्चा का विषय बना रहा। लोगों ने प्रशासन के इसकी सराहना की। ऐहतियात के तौर पर प्रशासन की तरफ से बास के नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया हुआ था और पूरे मामले पर थाना प्रभारी रमेश कुमार नजर बनाए हुए थे।



**नारनौंद।** मकान तोड़ने के बाद लोग अपने सामान को उठाते हुए। फोटो: हरिभूमि

नारनौंद उपमंडल परिसर की जमीन में दर्जनों लोगों ने पिछले 50 वर्षों से अवैध तरीके से निर्माण करके अपने आवास और दुकानें बनाई हुई थी। काफी साल पहले इनोटिस भी दे दिए गए थे लेकिन निर्माणों को गिरा नहीं पाए थे। एसडीएम विकास यादव ने कब्जा किए हुए लोगों से बातचीत की तो काफी लोगों ने स्वेच्छा से कब्जे हटाने की सहमति दी थी। शनिवार को नपा कर्मचारी लोगों के घरों पर जाकर घरों से सामान खाली करने के लिए कहकर चले गए थे और रविवार की सुबह प्रशासन की तरफ से जेसीबी, पोकलैंड और ट्रैक्टर उपलब्ध करवा दिए गए तो लोगों ने घरों व दुकानों को तुड़वाकर सामान व मलबे को ट्रैक्टरों में डालकर ठिकानों पर ले गए। सुबह से रात तक कार्रवाई चलती रही।

### लोगों की मांग

वहां पर मौजूद ग्रामीण चंचल, कृष्ण, वजीर सिंह, महेंद्र, रामबिलास ने आरोप लगाते हुए कहां प्रशासन ने हमारे मकान तो तुड़वा दिए हैं लेकिन हमें मुआवजा और सहायता देने का काम किया जाए। उप मंडल परिसर में ही पिछले दिनों सेशन जज सर्वे करके गई थी क्योंकि इसी इमारत के पीछे कोर्ट की बिल्डिंग बननी है और जल्द नारनौंद मैं कोर्ट का काम शुरू हो जाएगा। शहर के लिए अनूठा कदम होगा।

### एसडीएम ने जताया आभार

एसडीएम विकास यादव ने बताया कि उप मंडल परिसर के क्षेत्र में पिछले काफी वर्षों से लोगों ने कब्जा किया हुआ था। कोर्ट ने इनके विरुद्ध फैसला भी दिया गया था। काफी लोग पुराने कब्जे को और बढ़ाकर नया कब्जा कर रहे थे।

# मेयर प्रवीण पोपली ने लिया गुरुग्राम में आयोजित 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी में भाग

■ केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विस्तार से अपने विचार रखते हुए प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार के मेयर प्रवीण पोपली ने रविवार को गुरुग्राम में आयोजित 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी में भाग लिया। यह आयोजन हरियाणा के शहरी भविष्य को अधिक मजबूत, आधुनिक और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में सामने आया, जहां विचारों, अनुभवों और नवाचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ। मेयर ने कहा कि इस सम्मेलन में शहरी नियोजन, सार्वजनिक परिवहन, सतत एवं स्वच्छ गतिशीलता, डिजिटल शहरी ढांचा और भविष्य-उन्मुख नगर विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। हरियाणा सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों, नगर विकास संस्थानों और तकनीकी नवाचार प्रदाताओं ने अपने मॉडल, अनुभव और प्रभावी समाधान साझा किए। आज शहरी गतिशीलता केवल आवागमन का विषय नहीं है। यह नागरिक जीवन की गति, आर्थिक अवसरों के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक मुख्य आधार बन चुकी है। हरियाणा में तेज़ी से बदलते शहरी स्वरूप के बीच सुरक्षित, सुगम, हरित और जनसुलभ परिवहन तंत्र का निर्माण समय की मांग है। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विस्तार से विचार रखते हुए प्रकाश डाला। यह सहभागिता ज्ञानवर्धक ही नहीं, बल्कि हरियाणा के शहरों को अधिक सक्षम, जीवंत और सहभागितापूर्ण बनाने की दिशा में नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा प्रदान करने वाली रही।



हिसार। गुरुग्राम में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे मेयर प्रवीण पोपली। फोटो: हरिभूमि

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी मामले में गिरफ्तार

■ खाता पांच हजार में अन्य को बेचा था

**हिसार।** थाना एचटीएम पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक जितेंद्र ने बताया कि थाना एचटीएम में 26 जून को शिकायत प्राप्त मिली थी। इसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे वर्क फ्रॉम होम के नाम पर अज्ञात मोबाइल नंबर से संपर्क किया गया और अनुष्का नामक युवती ने लिंक भेजा। इससे रजिस्ट्रेशन फीस और विभिन्न टास्क पूरे करने के नाम पर कुल एक लाख 10 हजार 70 यूपीआई आईडीएस पर भेजवाई गई। और अधिक भुगतान की मांग की गई तो धोखाधड़ी का एहसास हुआ। पुलिस ने एक आरोपी संत कबीर नगर निवासी शिवांश को गिरफ्तार किया है। ठगी की गई राशि शिवांश के बैंक खाते में स्थानांतरित हुई थी। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसने अपना बैंक खाता पांच हजार में अन्य व्यक्तियों को बेच दिया था, जिसका उपयोग साइबर ठगों द्वारा अपराध में किया गया। पुलिस ने आरोपी शिवांश को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरके बहल का निधन, हौटा ने जताया शोक

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) ने विश्वविद्यालय के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षा शास्त्री डॉ. आरके बहल के निधन पर शोक जताया है। हौटा का कहना है कि उनके निधन से कृषि क्षेत्र को जो अपूर्णीय क्षति हुई है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती। हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरके बहल हाल ही में हकृवि में हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेने आए



हुए थे। यहां पर उनकी तबीयत बिगड़ गई। सम्मेलन के प्रति उनके जज्बे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि निजी अस्पताल में एक दिन भर्ती रहने पर कुछ सुधार हुआ तो अगले दिन सम्मेलन में पहुंच गए, कुर्सी पर बैठे-बैठे ही विचार रखे। फिर से तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। डॉ. बहल ने हरियाणा कृषि विवि, हिसार में लंबे समय तक सेवाएं दी और यहां से सेवानिवृत होने के बाद वर्तमान में मौलाना यूनिवर्सिटी, अंबाला में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत थे। हौटा अध्यक्ष डॉ. अशोक गोदारा, उप प्रधान डॉ. कृष्ण यादव, सचिव डॉ. राजेश आर्य, सह सचिव डॉ. दिनेश तोमर व खजांची डॉ. कौटिल्य चौधरी के अलावा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई, डॉ. दलीप बिश्नोई, डीन डॉ. एसके पाहुजा एवं अन्य ने कहा कि कहा कि कृषि विज्ञान, अनुसंधान, फसल सुधार, कृषि शिक्षण और अकादमिक नेतृत्व में डॉ. बहल के योगदान को देश विदेश में उच्च सम्मान मिला। डॉ. बहल के निधन से कृषि विज्ञान समुदाय, शैक्षणिक जगत, शोध संस्थानों और उनके विद्यार्थियों में गहरा शोक है।

### सब इंस्पेक्टर हत्या मामले के पांचों आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजे

**हिसार।** अदालत ने एचटीएम क्षेत्र स्थित ढाणी श्यामलाल में सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार की हत्या मामले में पांचों आरोपियों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एक दिन के रिमांड के पश्चात पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश किया था। पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों ढ़ाणी श्यामलाल निवासी महेन्द्र उर्फ गब्बर व सुभाष उर्फ साहिल, मिलगेट विनोद नगर निवासी प्रवीण, तिलक नगर निवासी जतिन व मुलतानी चौक निवासी नरेन्द्र को शनिवार को अदालत में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड के पश्चात उन्हें रविवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**यह है मामला:** गुरुवार देर रात शहर की ढाणी श्यामलाल में घर के सामने हुड़दंग करने से रोकने पर हुए विवाद में कुछ लोगों ने एडीजीपी कार्यालय में कार्यरत सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार के घर पर हमला कर दिया था। इस दौरान ईंट से लगी चोटों से रमेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मृतक के भतीजे अमित कुमार के बयान पर थाना एचटीएम में 10 नामजद सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने पांच आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी और दो स्कूटी बरामद की जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# रिटायर्ड बैंक मैनेजर को लगाई 96 लाख से अधिक की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की सिरसा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड निवासी रिटायर्ड बैंक मैनेजर के साथ 96.62 लाख की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। योगेन्द्र कुमार ने इस संबंध में साइबर थाना पुलिस में शिकायत दी है। योगेंद्र कुमार कुछ महीना पहले ही पंचकूला में पंजाब नेशनल बैंक से बैंक मैनेजर के पद से रिटायर्ड हुए हैं। रिटायरमेंट में मिली रकम को उन्होंने शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने का सोचा। उनके वॉट्सऐप पर निकिता शर्मा नाम की महिला का फोन आया और कहा कि वह प्रिमियर इन्वेस्टमेंट फंड लिमिटेड कंपनी में काम करती है। उनकी कम्पनी शेयर मार्केट में निवेश करवाती है और अच्छा लाभ निकालकर देती है।

### विश्वास में पैसे लगा दिए

उसकी बातों पर विश्वास करते हुए योगेंद्र कुमार ने रिटायरमेंट की रकम शेयर मार्केट में लगाने का फैसला किया। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। योगेंद्र कुमार ने बताया कि कंपनी ने उनका ट्रेडिंग अकांउट भी ओपन कर दिया। इसके बाद जो रकम इन्वेस्ट करवाई उसका मुनाफा अकाउंट में शो होता रहा। जब ट्रेडिंग अकाउंट में पौने 2 करोड़ की रकम दिखाई देने लगी तो मैंने पैसे निकालने चाहे। तब कहा कि इसे निकलवाने के लिए 8 लाख देने होंगे। पैसे नहीं दिए तो हम आपकी पूरी रकम सेबी के खाते में जमा कर देंगे, वहां से निकलवाने आपको पूरी उम्र लग जाएगी। इसके बाद मुंबई जाकर पता किया तो पता चला कि ऐसी कोई कंपनी है ही नहीं। तब पता चला कि उनके साथ फ्रॉड हुआ है।

## एबिक के अंतर्गत कोहर्ट-7 में चयनित 66 स्टार्टअप्स के साथ संवाद कार्यक्रम

# खेती तक सीमित नहीं रही, बल्कि नवाचार और उद्यमिता का नया युग

### केंद्र ने 66 युवा एग्रीप्रेन्योर्स का चयन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर (एबिक) में कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज की अध्यक्षता में कोहर्ट-7 के अंतर्गत चयनित 66 नवाचारी स्टार्टअप्स के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि अब केवल खेती तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह नवाचार, मूल्य संवर्धन और उद्यमिता का नया युग है।

यदि इसी प्रकार हमारे विद्यार्थी नवाचार के पथ पर आगे बढ़ते रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब वे रोजगार लेने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनेंगे। उन्होंने एबिक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने पिछले छह कोहर्ट में 73 स्टार्टअप्स को अनुदान राशि मुहैया करवाई है जो आज आत्मनिर्भर उद्यम के रूप में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। प्रो. कम्बोज ने उपस्थित युवा उद्यमियों से आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और मेंटर्स से मार्गदर्शन प्राप्त कर अपने विचारों को समाज और किसानों की भलाई के लिए उपयोगी बनाएं। एबिक के नियंत्रक अधिकारी व अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक विश्वविद्यालय केवल शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों में अग्रणी रहा है, अब यह युवाओं को सफल उद्यमी बनाकर देश की आर्थिक प्रगति में योगदान दे रहा है। यह विश्वविद्यालय के लिए एक गर्व की उपलब्धि है।




**हिसार।** स्टार्टअप्स के साथ कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज व अन्य।

### केंद्र को 217 आवेदन प्राप्त

एबिक के निदेशक डॉ. राजेश गेरा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में स्थापित एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की आरकेवीवाई रफ्तार योजना के अंतर्गत कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष केंद्र को 217 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 66 युवा एग्रीप्रेन्योर्स का चयन किया गया है। ये उद्यमी विभिन्न क्षेत्रों जैसे फूड प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन, वेस्ट टू वेल्थ, प्रिसीजन फार्मिंग, आईसीटी और आईओटी, ऑर्गेनिक फार्मिंग, कृषि यंत्र निर्माण एवं इनपुट नवाचार में कार्यरत हैं। इस एक माह के इन्क्यूबेशन प्रशिक्षण से सभी एग्रीप्रेन्योर्स को तकनीकी, वित्तीय एवं व्यावसायिक दृष्टि से सशक्त बनाया है। इस अवसर पर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं पूर्व निदेशक एबिक डॉ. अतुल ढींगड़ा तथा मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य उपस्थित रहे।

## 21वां ऑल इंडिया वाइस-चांसलर्स टी-20 क्रिकेट कप टूर्नामेंट 2025

# चौथे दिन हुए रोमांचक मुकाबले, लुवास की शानदार जीत ने जीता सबका दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

21वें ऑल इंडिया वाइस-चांसलर्स टी-20 क्रिकेट कप टूर्नामेंट 2025 के चौथे दिन के मुकाबले रविवार को लुवास में खेले गए। दिनभर रोमांचक मैचों की श्रृंखला रही, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीते।





हिसार। विभिन्न खेलों के मैन आफ द मैच को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

**पहले मुकाबले में लुवास की ऐतिहासिक जीत :** पहले मुकाबले में मेजबान लुवास, हिसार ने अपनी उत्कृष्ट गेंदबाज़ी और धारदार बल्लेबाज़ी से सबका मन मोह लिया। लुवास के गेंदबाज़ों ने शुरुआत से ही विरोधी टीम पर दबदबा बनाए रखा और गडवासू, लुधियाना की पूरी टीम को मात्र 18 रन पर समेट दिया। लुवास के तेज़ गेंदबाज़ डॉ. प्रवीन सांगवान ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 7 विकेट झटके और टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाई। जवाब में, लुवास के सलामी बल्लेबाज़ों ने आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए केवल 3 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच 10 विकेट से अपने नाम किया। इस जीत ने लुवास टीम के आत्मविश्वास को मज़बूती दी और टूर्नामेंट में उनकी स्थिति को और सुदृढ़ बनाया। दर्शकों ने भी लुवास के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जमकर सराहना की।

**दूसरा मुकाबला :** एसकेयूएएसटी-कश्मीर ने कड़े संघर्ष में पीएयू, लुधियाना को 2 रनों से हराया। एसकेयूएएसटी-कश्मीर ने 137 रन बनाए और जवाब में पीएयू की टीम 135 रन पर सिमट गई।

**तीसरा मुकाबला :** जीबीपीयूएटी, पंतनगर की टीम 118 रन पर आउट हो गई। जवाब में जामिया मिलिया इस्लामिया (स्टाफ टीम) ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए मात्र 12.2 ओवर में 121 रन बनाकर मैच 9 विकेट से जीत लिया।

**चौथा मुकाबला :** सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू को 51 रनों से पराजित किया। पुणे विश्वविद्यालय ने 20 ओवर में 128/6 रन बनाए, जबकि जम्मू विश्वविद्यालय की टीम 16 ओवर में 77 रन पर सिमट गई।

**पांचवां मुकाबला :** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा ने मुंबई विश्वविद्यालय को 8 विकेट से हराया। मुंबई विश्वविद्यालय ने 20 ओवर में 133/9 रन बनाए, जिसका पीछा करते हुए हरियाणा विश्वविद्यालय ने मात्र 14.3 ओवर में 134/2 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

**छठा मुकाबला :** गुरु जांभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार ने मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू विश्वविद्य हैदराबाद को 5 विकेट से पराजित किया। मैनू की टीम ने 20 ओवर में 129/7 रन बनाए, जिसके जवाब में गुरु जंभेश्वर यूनि ने 19वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की।



हिसार। मैच में प्रदर्शन करते हकृवि हिसार व मदवि रोहतक की टीम।

**सातवां मुकाबला :** एमडीयू रोहतक ने 125 रन बनाए। जवाब में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने 15.4 ओवर में 126 रन बनाकर 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। आठवां मुकाबला पंजाब यूनिवर्सिटी, पटियाला ने हिमाचल प्रदेश विवि को 9 रनों से हराया। पटियाला की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 171/10 रन बनाए, जबकि हिमाचल प्रदेश विवि की टीम 162/9 रन ही बना सकी। यह रोमांचक मैच रहा। सह-जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया।

# आरपीएस पब्लिक स्कूल में सुपर 30 स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित

## चयनित विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल, हांसी में रविवार को सुपर-30 फेज-2 स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में फेज-1 के चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस पहल का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। चयनित 30 विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से पूर्णतः फ्री शिक्षा दी जाएगी।

विद्यालय के निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने कहा कि आरपीएस संस्थान सदैव छात्रों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें बेहतर भविष्य देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने बताया कि सुपर-30 कार्यक्रम के माध्यम से योग्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन में शिक्षकों व विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने चयनित छात्रों को सम्मानित करने की भी घोषणा की।



हांसी। सुपर-30 स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए परीक्षा देते परीक्षार्थी।

# वोट चोरी के मामले में चुनाव आयोग ने दिया भाजपा का साथ : गायत्री

## भाजपा के प्रवक्ता और नेता चुनाव आयोग का पक्ष रख रहे

- बोलीं–यदि लोकतंत्र में जनता का वोट चोरी होता रहा तो लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब ना देते हुए भाजपा के प्रवक्ता और नेता चुनाव आयोग का पक्ष रख रहे है और उनका बचाव भी कर रहे है। वोट चोरी का सच सामने आ गया है। राहुल गांधी ने वोट चोरी के आरोपों को तथ्यों के साथ बता कर जनता के सामने भाजपा का झूठ और चोरी सबके सामने ला दिया है।

यह बात भाजपा नेत्री गायत्री देवी ने वोट चोरी मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यदि लोकतंत्र में जनता का वोट चोरी होता रहा तो लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं रहेगा। यह सीधा-सीधा भारतीय संविधान का अपमान है क्योंकि ईवीएम तथा अन्य संसाधनों द्वारा चुनाव को प्रभावित किया जाना लोकतंत्र का गला घोटने जैसा है, लोकतंत्र को बचाना है तो वोट चोरी जैसे कुकृत्य को रोकना होगा और जो वोट चोरी के दोषी हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।



गायत्री देवी।

# प्रवीण तायल फिर से बने हांसी व्यापार मंडल के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

विश्रामगृह में रविवार को विधायक विनोद भयाना की अध्यक्षता विभिन्न एसोसिएशनों के प्रधानों की बैठक हुई। बैठक में हांसी व्यापार मण्डल के गठन पर चर्चा करते हुए सभी सदस्यों ने नया अध्यक्ष चुनने की इच्छा व्यक्त की। इस पर हरियाणा सब्जी मण्डल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश भुटानी ने प्रवीण तायल को पुनः हांसी व्यापार मण्डल का प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा। और उनके इस प्रस्ताव का जनकराज उर्फ कुक्की, कृष्ण डेयरी वाला, पटेल सुनार, विजय चावल वाला ने इसका अनुमोदन किया। उसके बाद सभी एसोसिएशन के प्रधानों व प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से प्रवीण तायल को हांसी व्यापार मण्डल का सर्वसम्मति से प्रधान चुना।



हांसी। हांसी व्यापार मंडल का प्रधान चुने जाने पर प्रवीण तायल को पुष्प गुच्छ भेंट करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर किरयाणा एसोसिएशन के प्रधान जमना दास पंसारी, स्वर्णकार एसोसिएशन के प्रधान पटेल सोनी व ईश्वर सोनी, मोबाइल एसोसिएशन के प्रधान अनिल मलिक, हरियाणा सब्जी मण्डल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश भुटानी, प्रताप बाजार एसोसिएशन के प्रधान राकेश भाटिया, उमरा गेट व्यापार मण्डल के प्रधान कृष्ण इलावादी, बड़सी गेट एसोसिएशन के प्रधान बिट्टू सरदार, बजरिया चैक से धौला कुआं रोड के प्रधान जनकराज उर्फ कुक्की, जीटी रोड एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण लाल बत्रा उर्फ राजू, दिल्ली गेट एसोसिएशन के प्रधान विजय चावल वाला, इलैक्ट्रोनिक एसोसिएशन के प्रधान नरेन्द्र नागपाल, बीज एसोसिएशन के प्रधान मुकेश मुंढालिया, शू एसोसिएशन के प्रधान सुरेन्द्र चुचरा, हलवाई एसोसिएशन के प्रधान जगदीश भाटिया, आयल मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधि अंकित गोयल, लोहिया एसोसिएशन के प्रधान महावीर गर्ग, सतीश कुमार उर्फ भगत जी, अमित कुमार, अशोक गंगवानी, दिनेश गोयल व चरणजीत गावड़ी आदि उपस्थित थे।

## मदर्स प्राइड स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**आदमपुर।** शिव कालोनी स्थित मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और लोक रंगों से सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोक संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया।

बच्चों ने हरियाणवीं लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति और क्षेत्रीय गर्व से भर गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने प्रदेश के इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों पर आधारित कविता पाठ कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में क्राफ्ट गतिविधियों, वर्किंग माडल्स और चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रदेश की कृषि, उद्योग और विकास की झलक को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में थ्योरी ऑफ नॉलेज पर वन डे कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित

- कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रिंसिपल नितीश मिश्र ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में रविवार को वन डे कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ऑन थ्योरी ऑफ नॉलेज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में ज्ञान के सिद्धांत की गहरी समझ विकसित करना और उन्हें आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में एस केजिया कल्पलथा और नीलू जावला ने शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि थ्योरी ऑफ नॉलेज का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि हम क्या जानते हैं और कैसे जानते हैं। इस विषय के माध्यम से शिक्षक विद्यार्थियों में तार्किक, विश्लेषणात्मक एवं आलोचनात्मक सोच विकसित कर सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रिंसिपल नितीश मिश्र ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को विचारशील और जागरूक नागरिक बनाना है।

वाइस प्रिंसिपल गीता यादव, प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव तथा मंजू भारद्वाज ने भी अपने विचार सांझा किए और शिक्षकों को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस सहित पंचकुला जोन के विभिन्न विद्यालयों के पंजीकृत शिक्षकों ने भी भाग लिया।




हांसी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षकों के साथ स्कूल प्राचार्य नीतीश मिश्र व रिसोर्स पर्सन एस केजिया कल्पलथा तथा नीलू जावला। फोटो : हरिभूमि

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बनने के मार्ग पर तेजी से अग्रसर : डॉ. गुप्ता



हिसार। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बनने के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। भाजपा सरकार ने लघु उद्योगों, व्यापारियों और युवाओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं, जिनसे रोजगार के अवसर बढ़े हैं और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। डॉ. कमल गुप्ता रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित व्यापार, लघु उद्योग व प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' केवल नारा नहीं बल्कि जनकल्याण का संकल्प है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें और देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जोगीराम सिहाग, मनदीप मलिक, जिला अध्यक्ष आशा खेदड, कृष्ण सरसाना, संजीव रेवड़ी, रामफल नैन, राजेन्द्र सपड़ा, कृष्ण खटाना, कुलदीप डेलू, अशोक मित्तल, सुरेन्द्र सैनी, भूपेंद्र पनिहार एडवोकेट, दलबीर धीरनवास,लोकेश असीजा, सुरेश धूपवाला, विक्रम कासनियां, धर्मवीर पानू आदि उपस्थित रहे।

# 134ए का पोर्टल दोबारा खोलने पर प्राइवेट स्कूल संघ ने मुख्यमंत्री का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

प्राइवेट स्कूल संघ ने 134ए का पोर्टल दोबारा खोलने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा व शिक्षा अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा नियमवाली 2003 के नियम 134ए के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2015-16 से 2024-25 में मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में कक्षा दूसरी से आठवीं में दाखिल या प्रमोट हुए छात्रों की फीस की प्रतिपूर्ति राशि के क्लेम ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मांगने बारे पहले 31 अगस्त तक पोर्टल खोला गया था और 2145 स्कूलों द्वारा पोर्टल पर क्लेम दिए गए। इनमें से 1971 स्कूलों द्वारा क्लेम के लिए फ़ाइनल डाटा सबमिट किया गया है परंतु किसी कारण से 174 स्कूल बच्चो का डाटा सबमिट नहीं कर पाए। अब शिक्षा निदेशालय ने 30 नवंबर तक दोबारा 134ए का पोर्टल खोल दिया है ताकि 174 स्कूल भी अपने बच्चों का डाटा पोर्टल पर ऑनलाइन कर सके। उन्होंने कक्षा दूसरी से आठवीं तक की राशि जल्द से जल्द जारी करने की मांग की। संघ के जिला प्रधान प्रदीप पूनिया व पैटर्न महावीर यादव ने कहा कि सत्र 2015-16 से लेकर आज तक नौवीं से बारहवीं कक्षा का एक भी पैसा किसी भी स्कूल को नहीं मिला है। इन कक्षाओं के बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति राशि के क्लेम के लिए भी पोर्टल खोला जाए और फॉर्म नंबर छह के अनुसार दस वर्षों का बकाया पैसा स्कूलों को दिया जाए।

## सीवरेज को लेकर तोड़ी गई सड़कें बनी जी का जंजाल

**आदमपुर।** आदमपुर शहर में सिवरेज पानी निकासी व्यवस्था के लिए एक साल पहले तोडी गई सड़के लोगों, ग्रामीणों व दुकानदारों के जी का जंजाल बनी हुई है। हालत यह है कि शहर में वाहन चलाना तो दूर की बात पैदल आने जाने के लिए लोगों को रास्ते ढूंढने पड़ रहे हैं तथा वह जैसे तैसे कच्चे पक्के रास्तों से घूम कर शहर में पहुंच रहे हैं। इस समय आदमपुर बाइपास रोड, बस स्टेंड रोड, अनाज मंडी रोड, भादरा रेलवे फाटक रोड सभी मुख्य मार्ग है जो बंद पड़े हैं। इसके चलते आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते बंद होने के चलते शहर में आने जाने वाली बसें भी या तो शहर से बाहर से आ जा रही है या फिर कुछ बसें जैसे तैसे बस स्टेंड से आ जा रही है।

## आचार्या मां साक्षी के सान्निध्य में ब्रह्मनाद ध्यान से आलोकित हुए साधक



**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ द्वारा मिर्जापुर रोड पर कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में आयोजित संडे ध्यान सत्र में आए हुए साधकों ने विशेष आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर आचार्या मां साक्षी ने साधकों को ब्रह्मनाद ध्यान की साधना करवाई। ध्यान सत्र के दौरान साधकों ने मन, शरीर और आत्मा की गहराई में जाकर गहन शांति, ऊर्जा और आत्मिक जुड़ाव का अनुभव किया। ब्रह्मनाद ध्यान से साधकों को अंतर्मन की ध्वनि और आत्मिक शक्ति का साक्षात्कार कराया गया।

आचार्या मां साक्षी ने साधकों को बताया कि ब्रह्मनाद ध्यान से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और साधक अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। ध्यान के बाद कार्यक्रम के समापन पर समर्थगुरु धारा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने आज के सत्र के आचार्या मां साक्षी का आभार व्यक्त किया एवं उपस्थित सभी साधकों को आगामी ध्यान सत्रों की जानकारी भी प्रदान की। विशेष जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि समर्थगुरु धारा संघ द्वारा 30-31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 को हिसार में तीन दिवसीय ध्यान योग का आयोजन किया जाएगा।

## एचएयू के मेला ग्राउंड में किसान मेला आज

**हिसार।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बड़ौदा किसान पखवाड़े के 8वें संस्करण के अंतर्गत किसान मेले का आयोजन 10 नवम्बर को एचएयू के मेला ग्राउंड में किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रमुख अंजनी कुमार सिंह चौहान ने बताया कि बड़ौदा किसान पखवाड़ा एक विशेष अभियान है, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किसानों के हित में आयोजित किया जाता है।

इसका उद्देश्य किसानों को बैंकिंग सेवाओं, कृषि ऋण योजनाओं, सरकारी सब्सिडी योजनाओं और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी देना है। इसमें किसानों को डिजिटल बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और अन्य ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया जाता है।

**आयोजन** | बठिंडा स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) में सम्मेलन

# लुवास के वैज्ञानिकों को 'यूएनआईस्फेयर २०२५–यूनाइटेड इन वन वर्ल्ड, शेयर्ड हेल्थ' में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

यहां के लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन 'यूएनआईस्फेयर 2025–यूनाइटेड इन वन वर्ल्ड, शेयर्ड हेल्थ' में सम्मानित किया गया है। वैज्ञानिकों ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस), बठिंडा में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

सम्मेलन का विचारणीय विषय 'वन हेल्थ दृष्टिकोण से जूनोसिसः चुनौतियां' नवाचार और अंतर्विभागीय सहयोग' था। इस कार्यक्रम में देशभर के चिकित्सा, पशु चिकित्सा और कृषि विज्ञान के क्षेत्र से वैज्ञानिकों ने भाग लिया।



हिसार। सम्मानित होने वाले लुवास के वैज्ञानिक कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा के साथ।

कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा महाविद्यालय के वैज्ञानिकों पशु चिकित्सा सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश छाबड़ा, कॉलेज सेंट्रल लैबोरेटरी वैज्ञानिक डॉ. महावीर सिंह व पशु चिकित्सा सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. संजीवना ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

### कुलपति ने वैज्ञानिकों को बधाई दी

कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि लुवास के शोधकर्ता 'वन हेल्थ' और बीमारियों पर देश की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों को अंतरविभागीय सहयोगात्मक अनुसंधान को और बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य के सर्वांगीण और एकीकृत विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) मनोज कुमार रोज ने कहा कि यह पुरस्कार महाविद्यालय के वैज्ञानिकों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की स्वीकृति है। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नीलेश सिंधु ने बताया कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी पशु एवं मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अनुसंधान, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने में अग्रसर रहेगा।

डॉ. राजेश छाबड़ा ने सम्मेलन में विशेषज्ञ पैनल सदस्य के रूप में भाग लिया, और वन हेल्थ दृष्टिकोण में मौजूदा चुनौतियों, अंतरविभागीय सहयोग की आवश्यकता तथा भविष्य की रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. महावीर सिंह और डॉ. संजीवना ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए और दोनों को श्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

डॉ. संजीवना को 'शूकर रोटावायरस रीकॉम्बिनेशन' विषय पर उत्कृष्ट शोध के लिए सम्मान मिला। उनके अध्ययन में शूकर रोटावायरस की आनुवंशिक विविधता और मानव रोटावायरस के साथ इसके संबंधों पर प्रकाश डाला गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मनुष्य और सूअरों के घनिष्ठ संपर्क से नए संकर वायरस उत्पन्न हो सकते हैं जो संभावित रूप से जूनोटिक जोखिम बनते हैं।

डॉ. महावीर सिंह को उनके शोध कार्य 'पशु ब्रुसेलोसिस और मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव' पर प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। उनके अध्ययन में ब्रुसेलोसिस रोग की पशुओं से मनुष्यों में संचरण की संभावना, सेरोलॉजिकल जांच के निष्कर्ष, और वन हेल्थ दृष्टिकोण से रोग नियंत्रण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

यह शोध मानव और पशु स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित करता है और इस रोग के प्रभावी नियंत्रण के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता को उजागर करता है।